भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1234**

उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

## भारतीय खेल प्राधिकरण में कर्मचारियों और निधि की कमी

**1234. एडवोकेट अदूर प्रकाश:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के बेहतर कामकाज के लिए निधियों और कर्मचारियों की गंभीर कमी पर संसदीय स्थायी समिति द्वारा उठाई गई चिंताओं पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या साई में कई स्वीकृत पद रिक्त पड़े हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) इन मुद्दों के समाधान के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) 'खेलो इंडिया' योजना की शुरुआत के बाद से प्राप्त एवं अनुमोदित परियोजनाओं के प्रस्तावों के लिए प्रदान की गई और उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ) : जी हां। सरकार ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में निधियों और कर्मचारियों की कमी के संबंध में संसदीय स्थायी समिति की टिप्पणियों को नोट किया है।

साई का बजट आवंटन उनके द्वारा संबंधित वित्त वर्ष में प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों पर आधारित होता है। वर्ष के दौरान कोई अतिरिक्त आवश्यकता होने पर इसकी संशोधित अनुमान चरण में जांच की जाती है और जहां उचितहोता है, तो अनुपूरक अनुदान के माध्यम से उस पर विचार किया जाता है।

साई में कुल 1191 पद रिक्त पड़े हैं। कुछ पदों की भर्ती प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है।

(ङ) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्र सरकार खेल अवसंरचना में महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों के प्रयासों में सहायता करती है। इसके अतिरिक्त, खेलो इंडिया स्कीम के तहत प्रस्ताव का प्राप्त होना एक सतत प्रक्रिया है। देशभर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाएं और उनकी वास्तविक तथा वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****